## एक नजर

### अभा तीर्थ पुरोहित महासभा की राष्ट्रीय बैठक उज्जैन में

**इंदौर।** अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारी एवं संरक्षक मंडल की महत्वपूर्ण बैठक 31 मार्च को तीर्थपुरी उज्जैन में होगी। इसमें तीर्थ, यात्री एवं तीर्थ पुरोहित के संरक्षण के लिए मंथन होगा। चर्चा के बाद प्राप्त सुझाव का प्रतिवेदन तैयार कर केंद्र व प्रदेश शासन को भेजा जाएगा। अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पं. राजेश त्रिवेदी ने यह जानकारी दी। -नप्र

### विराट सागर महाराज का मंगल प्रवेश आज

**उज्जैन।** महिदपुर मार्ग से शुक्रवार को विराट सागर, मैत्री वर्धन सागर व आत्मवर्धन सागर महाराज का सुबह 8.30 बजे मंगल प्रवेश होगा। जुलूस के रूप में विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए मुनिराज श्री राजेंद्र सूरी ज्ञान मंदिर पहुंचेंगे। यहां धर्मसभा होगी। सकल श्रीसंघ के साधार्मिक वात्सल्य का आयोजन किया जाएगा। अजय चोरड़िया ने बताया कि मुनिराज आत्म वर्धन सागर दीक्षा के एक वर्ष पश्चात प्रथम बार नगर में पधारेंगे। जानकारी सचिन भंडारी ने दी। -नप्र

# इंदौरी बच्चों को रास नहीं आ रही टाय ट्रेन

## अव्यवस्था ● नेहरू पार्क की बदहाल पड़ रही भारी, 100 टिकट भी नहीं बिक रहे

**इंदौर ( नईदुनिया प्रतिनिधि )।** एक तरफ तो नगर निगम विश्राम बाग में पीपीपी मोड पर टाय ट्रेन चलाने की तैयारी कर रहा है, दूसरी तरफ नेहरू पार्क में सात महीने पहले शुरू की गई टाय ट्रेन बंद होने की कगार पर है। इस टाय ट्रेन को इंदौरी बच्चों का प्रतिसाद नहीं मिल रहा। हालत यह है कि 80 लाख रुपये से ज्यादा खर्च कर इस ट्रेन को संचालित करने वाली राजस्थान की कंपनी के लिए फायदा कमाना तो दूर खर्च निकालना ही मुश्किल हो गया है। नेहरू पार्क की बदहाली के चलते जनता यहां आ ही नहीं रही। इसका सीधा असर टाय ट्रेन के संचालन पर पड़ रहा है। जब नेहरू पार्क में जनता आएगी ही नहीं तो टाय ट्रेन में बैठेगा कौन। यही वजह है कि राजस्थान की कंपनी अपने ट्रेन संचालन के निर्णय पर पुनर्विचार करने लगी है।

लगभग 10 वर्ष बंद रहने के बाद जून 2023 में नेहरू पार्क में टाय ट्रेन की छुक-छुक की आवाज सुनाई देने लगी थी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इसका शुभारंभ किया था। उन्होंने ही इसे वंदे इंदौर नाम भी दिया था। नगर निगम ने इस टाय ट्रेन का संचालन



नेहरू पार्क में खड़ी टाय ट्रेन। ● नईदुनिया




नेहरू पार्क बदहाल हो चुका है। ● नईदुनिया

पीपीपी मोड पर राजस्थान की शंकरलाल कास्ट एंड कंपनी को सौंपा है। कंपनी को ट्रैक बिछाने के साथ इस ट्रेन, स्टेशन का मेंटेनेंस भी करना है। शुभारंभ के 10-15 दिन तो टाय ट्रेन को अच्छा प्रतिसाद मिला, लेकिन इसके बाद लोगों का नेहरू पार्क आना ही कम हो गया। असर यह पड़ा कि वर्तमान में टाय ट्रेन के 100 टिकट भी रोज नहीं बिक रहे। किसी-किसी दिन तो यह संख्या बहुत ही कम रह जाती है। कंपनी को इंदौर में ट्रेन के रखरखाव के साथ आफिस, रेलवे स्टेशन आदि भी रखरखाव करना पड़ता है। कर्मचारियों का वेतन और अन्य खर्च भी होते हैं। कंपनी के कर्मचारियों का कहना है कि नेहरू पार्क की बदहाली की वजह से आम जनता पार्क में नहीं आती।

**घास तक नहीं, पार्क में छायी बदहाली :** रखरखाव के अभाव में नेहरू पार्क बदहाल पड़ा है। परिसर में स्मार्ट सिटी कंपनी का दफ्तर होने के बावजूद नेहरू पार्क स्मार्ट नहीं बन सका। यहां जगह-जगह नगर निगम का कबाड़ पड़ा है। हरियाली के नाम पर सीमेंट कांक्रीट के निर्माण कर दिए गए हैं। यही वजह है कि किसी समय लोगों से गुलजार रहने वाला नेहरू पार्क वीरान पड़ा रहता है।

> नेहरू पार्क में बच्चों के मनोरंजन के लिए टाय ट्रेन के अलावा कोई अन्य साधन नहीं हैं। हमने टाय ट्रेन पर 80 लाख रुपये से ज्यादा खर्च किए हैं। अनुबंध 10 वर्ष के लिए है। प्रतिसाद नहीं मिलने से संचालन में दिक्कत आ रही हैं।
> **-रवि माहेश्वरी, डायरेक्टर टाय ट्रेन संचालन कंपनी**

> नेहरू पार्क को विकसित करने की योजना है। हम इस पर काम कर रहे हैं। कई प्रोजेक्ट पाइप लाइन में हैं। बहुत जल्दी काम शुरू हो जाएंगे।
> **-दिव्यांक सिंह, सीईओ स्मार्ट सिटी इंदौर**




गगनयान मिशन के लिए चार अंतरिक्ष यात्रियों का चयन।

daCunha/AB/936/hin


# सोमला ने हर वारदात में बदले साथी

**इंदौर ( नईदुनिया प्रतिनिधि )।** इंडियन आइल कार्पोरेशन (आइओसी) के मैनेजर पुष्पेंद्रसिंह के यहां हुई डकैती का मुख्य आरोपित सोमला बघेल निवासी बड़ी कदवाल शातिर अपराधी है। लूट, चोरी और डकैती के कई मामले दर्ज हैं। उससे जोबट थाने में पूछताछ की जा रही है। सोमला हर वारदात में गिरोह के सदस्य बदल लेता है। दो साल पूर्व उसने बड़गोंदा थाना क्षेत्र में राइफल लूटी थी। इस केस में आकेश उर्फ आकाश, थावरिया उर्फ राजेश, कलम और मुकेश शामिल था। मुकेश की मौत हो चुकी है। राजू आलीराजपुर जेल में है। अधिकारियों ने सोमला की गिरफ्तारी नहीं दर्शाई है। उससे कनाड़िया थाना क्षेत्र के तिलक नगर और सेवानिवृत्त आइएएस रेणु पंत के घर में हुई चोरी की घटना में भी पूछताछ चल रही है।

**माल बरामदगी और सदस्यों को तलाशने में लगे :** पूछताछ में सोमला उतना ही बताता है जितना पुलिस को पता होता है। उससे पूछताछ के लिए आलीराजपुर, झाबुआ और धार की तेज़तर्रार पुलिसकर्मी ही पूछताछ कर रहे हैं। एक टीम मैनेजर पुष्पेंद्र के घर से लूटा माल बरामद करने में लगी है।

## युवक को इंदौर बुलाकर हनीट्रैप में फंसाया

**रतलाम।** अंजान महिला द्वारा दो साथी युवकों के साथ मिलकर शहर के शेयर कारोबारी युवक को जाल में फंसाकर ब्लैक मेल (हनीट्रैप) करने का मामला सामने आया है। युवक से 3.23 लाख रुपये वसूल लिए गए। इस कार्य में युवक का दोस्त भी शामिल निकला। बाद में युवक से और रुपयों की मांग की जाती रही। परेशान होकर युवक ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रवि उर्फ दिनेश बारवाल निवासी स्थानीय ज्योति नगर व विवेक प्रजापत निवासी पांच कुमार की चाल एबी रोड एमआईजी इंदौर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित महिला की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार फरियादी संदीप कसेरा निवासी करमदी नाका ने दो दिन पहले माणकचौक थाने पर रिपोर्ट कराई थी। पुलिस ने आरोपित रवि, विवेक व एक महिला के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था।


'नईदुनिया' के स्वामित्व एवं अन्य विवरण के संबंध में

**घोषणा**

फॉर्म 4 (नियम 8 देखिए)

| | |
|---|---|
| 1. प्रकाशन का स्थान | : 4थी व 5वीं मंजिल, विक्रम अरबेन, 25-ए, स्कीम नं. 54, इंदौर-452 010 |
| 2. प्रकाशन अवधि | : दैनिक |
| 3. मुद्रक का नाम | : संजय शुक्ला जागरण प्रकाशन लि. के लिए |
| (क्या भारतीय नागरिक हैं) | : हाँ |
| (यदि विदेशी हैं तो मूल देश) | : - |
| पता | : डी-203, बीसीएम पैराडाइज, एडवांस एकेडमी के पास, निपानिया, इंदौर-452 010 (म.प्र.) |
| 4. प्रकाशक का नाम | : संजय शुक्ला जागरण प्रकाशन लि. के लिए |
| (क्या भारतीय नागरिक हैं) | : हाँ |
| (यदि विदेशी हैं तो मूल देश) | : - |
| पता | : डी-203, बीसीएम पैराडाइज, एडवांस एकेडमी के पास, निपानिया, इंदौर-452 010 (म.प्र.) |
| 5. (अ) संपादक (म.प्र.) का नाम | : सदगुरु शरण |
| (क्या भारतीय नागरिक हैं) | : हाँ |
| (यदि विदेशी हैं तो मूल देश) | : - |
| पता | : D-408, चौथी मंजिल, AWHO, उदय विहार, स्कीम नं. 78, इंदौर- 452 010 (म.प्र.) |
| 6. उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार-पत्र के स्वामी हों तथा समस्त पूँजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों। | : **जागरण प्रकाशन लि.** **2, सर्वोदय नगर, कानपुर-5** |

मैं संजय शुक्ला एतद्द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

दिनांक: 29.02.2024

**संजय शुक्ला**
प्रकाशक के हस्ताक्षर


### विरोध के कारण नौलखा और तीन इमली की बसें नहीं हो सकीं स्थानांतरित

# दूरी के कारण शुरू नहीं हो सका बस स्टैंड

**इंदौर ( नईदुनिया प्रतिनिधि )।** नायता मुंडला बस स्टैंड की शुरुआत 16 फरवरी से होनी थी। शुरुआत में नौलखा और तीन इमली बस स्टैंड की बसों को यहां स्थानांतरित किया जाना था। इसे लेकर बस आपरेटर विरोध कर रहे हैं। अधूरे पहुंच मार्ग और शहर से दूरी की वजह से प्रशासन भी अब तक नायता मुंडला बस स्टैंड को शुरू नहीं करा पाया।

इंदौर विकास प्राधिकरण (आइडीए) द्वारा करोड़ों की लागत से नायता मुंडला में बस स्टैंड का निर्माण किया गया है। तीन माह से बस स्टैंड पूरी तरह से तैयार है। इसके बाद भी अब तक यहां से बसों का संचालन शुरू नहीं हो पाया। प्रशासन ने तीन इमली और नौलखा बस स्टैंड की बसों को यहां से चलाने की योजना तैयार की थी। बस आपरेटरों से कई दौर की चर्चा के बाद भी आपसी सहमति नहीं बन पाई। बस संचालकों का कहना था कि यात्रियों के आने-जाने के लिए लोकल साधनों की उचित व्यवस्था नहीं है। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से आने पर यात्रियों को 250 से 300 रुपये आटो किराया चुकाना पड़ता।

नौलखा और तीन इमली बस स्टैंड के बस आपरेटर नायता मुंडला बसों को स्थानांतरित करने को लेकर कोर्ट पहुंच गए। कोर्ट में प्रकरण होने से प्रशासन ने भी स्थानांतरण की कवायद को रोक दिया। प्रशासनिक अधिकारी अब अप्रोच रोड सुधारने और लोक परिवहन वाहनों की सुविधा जुटाने के बाद बसों को स्थानांतरित करने की बात कह रहे हैं।

> **अंतरराज्जीय बसों भी होगी स्थानांतरित**
> शहर के विभिन्न हिस्सों से संचालित होने वाली अंतरराज्जीय बसों को भी दोनों बस स्टैंड पर स्थानांतरित किया जाएगा। महाराष्ट्र और गुजरात क्षेत्र की बसें नायता मुंडला और राजस्थान, दिल्ली क्षेत्र की बसें एमआर-10 स्थित बस स्टैंड से चलेगी। सरवटे और तीन इमली बस स्टैंड से उपनगरीय बसों का संचालन होगा।

# नए युग की शुरुआत करेगा अरबिंदो और बापियो का साझा प्रयास



कार्यक्रम के दौरान मौजूद डाक्टर एवं अतिथि। ● सौजन्य

**इंदौर।** श्री अरबिंदो संस्थान के साथ में ब्रिटेन स्थित बापियो (ब्रिटिश एसोसिएशन आफ फिजिशियन आफ इंडियन ओरिजन) संस्था द्वारा चिकित्सा जगत में किए जा रहे नवाचारों से बखूबी वाकिफ हूं। इस नाते कह सकता हूं कि इन दोनों संस्थाओं द्वारा श्री अरबिंदो विश्वविद्यालय में लंदन स्थित यूनिवर्सिटीज के नए कोर्सेस लांच करने से मेडिकल फील्ड की नई ऊंचाइयों को स्पर्श करेगा। ये एक नए युग की शुरुआत हैं।

ये बात आइएएस मोहम्मद सुलेमान ने गुरुवार को श्री अरबिंदो विश्वविद्यालय में इन्डो-यूके ज्वाइंट कालबरेशन के तहत एनएमसी द्वारा मान्यता प्राप्त पांच नए कोर्स के लांचिंग प्रोग्राम में कहीं। आइएएस सुदाम खाडे ने कहा कि अरबिंदो अस्पताल का गांव और दूरदराज के मरीजों तक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित बसों के जरिए पहुंचकर स्वस्थ बनाने का अभियान अभिनंदनीय है।

फाउंडर चेयरमैन डा. विनोद भंडारी ने गांवों में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने की योजनाओं की जानकारी दी। प्रतिकुलाधिपति डा. मोहित भंडारी और डा. महक भंडारी ने उच्च तकनीक के साथ कदमताल करते हुए भविष्य में विश्व की सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने के अपने प्रयासों के बारे में बताया।

कुलपति डा. ज्योति बिंदल ने बताया कि विवि ने मप्र में एफआरसीईएम (फेलोशिप आफ रायल कालेज आफ इमरेंसी मेडिसिन) ट्रेनिंग कोर्स लांच किया था। उसकी सफलता के बाद पांच अन्य विषयों में एमआरसीईएम कोर्स लांच किए जा रहे हैं। 2 प्लस 2 प्रोग्राम के तहत इन कोर्सेस के शुरुआती दो सालों में श्री अरबिंदो विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके बाद बाकी दो साल के इंग्लैंड में स्टडी और ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके बाद डिग्री एनएमसी द्वारा मान्यता प्राप्त होगी।

इस दौरान बापियो, यूके के अध्यक्ष डा. रमेश मेहता, एनएचएसई, यूके डायरेक्ट्रेट चीफ डा. नवीना इवांस, बीटीए, यूके के कंसल्टेंट एंडोक्रायनोलाजिस्ट प्रो. पराग सिंघल, यूनिवर्सिटी अस्पताल, लीएस्टर के चीफ एक्जीक्यूटिव रिचर्ड मिशेल आदि मौजूद रहे।

# कमीशन के चक्कर में स्वीकृत नहीं हो रहा जलूद सोलर प्लांट का टेंडर

**इंदौर ( नईदुनिया प्रतिनिधि )।** एक वर्ष पहले नगर निगम ने ग्रीन बांड जारी कर जनता से 244 करोड़ रुपये एकत्र किए थे। इस राशि से नगर निगम को जलूद में सोलर प्लांट लगाना है। प्लांट स्थापित होने के बाद नगर निगम को हर माह करीब साढ़े चार करोड़ रुपये के बिजली बिल की बचत होगी। प्लांट स्थापित करने वाली एजेंसी ही तय नहीं हुई है। नगर निगम की इस लापरवाही की वजह से ग्रीन बांड से एकत्र राशि पर एक वर्ष में 54 करोड़ रुपये ब्याज लग चुका है। जलूद सोलर प्लांट में कमीशन का खेल चल रहा है। मैं सीधे-सीधे महापौर और पूरी एमआइसी पर कमीशन का आरोप लगाता हूं। 30 करोड़ रुपये कमीशन की मांग की गई थी। यही वजह है कि टेंडर तय नहीं हो रहा। ये आरोप नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने लगाए हैं। गुरुवार को मीडिया से चर्चा में उन्होंने महापौर पर सवाल दागे।

> कांग्रेस नेता हताशा और निराशा में बगैर पढ़े-लिखे आरोप लगा रहे हैं। जिस सदन में वे खुद थे, उसमें वह प्रस्ताव पास हो गया। हमारा लक्ष्य है कि आचार संहिता लागू होने से पहले वहां भूमिपूजन हो जाए। शासन की अनुमति के बाद वहां काम शुरू हो जाएगा। दरअसल प्रक्रिया करने में समय लगता है। बगैर प्रक्रिया के अगर टेंडर करेंगे तो यह भ्रष्टाचार होगा। चौकसे बताएं तो सही कि पब्लिक इशू क्या होता है। सेबी का एप्रूवल कैसे मिलता है। बगैर पढ़े-लिखे बात कर रहे हैं। **-पुष्यमित्र भार्गव, महापौर इंदौर**

## एक साल से नहीं मिला कन्या विवाह योजना का लाभ

**इंदौर।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिमाह लाड़ली बहनों के खाते में राशि हस्तांतरित की जा रही है, लेकिन विवाह योग्य युवतियों को मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वजह एक साल से इंदौर जिले में सामूहिक विवाह के कार्यक्रम ही आयोजित नहीं किए गए। अब मार्च से दिसंबर तक विवाह की तारीखें घोषित की गई हैं, लेकिन जनपद पंचायत और नगर निगम के द्वारा इसकी तैयारी अब तक शुरू नहीं की गई है। वर्ष 2023 फरवरी में मुख्यमंत्री विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह का आयोजन इंदौर नगर निगम द्वारा किया गया था। इसके बाद से ही योजना के अंतर्गत विवाह समारोह नहीं हो सके हैं। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता मार्च में लागू होने की संभावना है।

# बन रहा दूसरा सीएम राइज माडल-7 स्कूल

संजय रजक ● इंदौर।

राज्य सरकार अब सीएम राइज स्कूलों का विस्तार करने जा रही है। इसकी शुरूआत इंदौर और ग्वालियर से की गई है। यहां प्रदेश के सबसे ज्यादा विद्यार्थी क्षमता वाले स्कूल तैयार किए जा रहे हैं। इंदौर के मल्हाराश्रम स्कूल में सीएम राइज माडल-7 स्कूल बनाया जा रहा है। यहां एक छत के नीचे एक साथ सात हजार विद्यार्थी पढ़ाई करेंगे। स्कूल प्रबंधन के साथ सबसे बड़ी अड़चन अतिक्रमण है, जिसे हटाना सबसे बड़ी चुनौती है।

मल्हाराश्रम में सीएम राइज माडल-7 प्रोजेक्ट 2021 में बनाया गया था। इसका काम 2022 में शुरू हुआ। माडल-7 प्रोजेक्ट इंदौर के अलावा ग्वालियर में भी आकार ले रहा है। प्रोजेक्ट पूरा होने पर यहां एक साथ सात हजार विद्यार्थी शिक्षा ले सकेंगे। मल्हाराश्रम के 33.8 एकड़ में बन रहे इस प्रोजेक्ट में फिलहाल तीन भवन का काम चल रहा है। स्कूल प्राचार्य महेंद्र रामिश ने बताया कि जैसे-जैसे भवन बनते जाएंगे, विद्यार्थियों की संख्या बढ़ती जाएगी। नए शिक्षा सत्र में करीब 300 विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। पूरा परिसर पांच जोन में रहेगा, जिसमें आडिटोरियम, प्ले एरिया, एजुकेशन जोन, सेल्फ डिफेंस, मल्टीपरपस हाल बनेगा।



एक साथ तीन भवन का चल रहा निर्माण कार्य। ● नईदुनिया

> मल्हाराश्रम स्कूल में सीएम राइस माडल-7 के तहत निर्माण किया जा रहा है। आने वाले समय पर यहां एक साथ सात हजार विद्यार्थियों को शिक्षा दी जाएगी। यहां पर शिक्षण कार्य के साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल मैदान भी तैयार किए जा रहे हैं। **-मंगलेश व्यास, डीईओ**

### अतिक्रमण हटाना चुनौती

एक ओर जहां प्रोजेक्ट ने आकार लेना शुरू कर दिया है। वहीं स्कूल की जमीन पर 10 पाइंट ऐसे हैं, जहां पर अतिक्रमण हो चुका है। लंबे समय पर स्कूल प्रशासन इस अतिक्रमण को हटाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन अतिक्रमणकारी दबाव बना रहे हैं। यहां बाउंड्रीवाल के आस-पास किसी ने घर बना लिया, कहीं शेड बन गया है। एक जगह किसान संगठन का कार्यालय खुल गया है। तो कहीं बाउंड्रीवाल तोड़कर घर बना लिया है।


**MADHYA PRADESH POWER GENERATING COMPANY LIMITED**
Office of The Addl. C.E. (P&W), Shree Singaji Thermal Power Project, Dongalia Distt. Khandwa (M.P.)
Phone : 9425808837, Website : mppgcl.mp.gov.in, E-mail ID : sepnw.sstpp1@gmail.com,
No. 515-1700/SSTPP/MPPGCL/P&W/13163 Dated : 29.02.2024

**NOTICE INVITING E-TENDER**

| Tender Particulars/Tender Number | Estimated Cost (Rs.) (including GST) | Tender Cost & EMD Rs. | Last Date And Time for Closing of Online Submission |
|---|---|---|---|
| Work proposal for Transportation of 01 No. locomotive along with loading and unloading from STPS, Sarni to SSTPP, MPPGCL, Dongalia , Khandwa. (T-2024_MPPGC_ 338559) | 24.96 Lakhs | 1000/- & 49,900/- | 07.03.2024 up to 15:30 |
| Work contract for painting of HT & LT transformers and all BUS Duct of Generator, Generator Transformers, Unit auxiliary transformer, Station transformers etc. of Unit No. 1, Ph-1, SSTPP, MPPGCL, Dongalia. (T-2023_MPPGC_319448_2) | 11.12 Lakhs | 1000/- & 22,300/- | 15.03.2024 up to 15:30 |

For extension & other details, the bidders are requested to please visit e-portal of GoMP at **www.mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/114046/2024 //SAVE ELECTRICITY// SE (P&W)



**भारतीय स्टेट बैंक** | साधना नगर शाखा, इंदौर

**नवीन परिसर में स्थानांतरण की सूचना**

समस्त सम्मानीय ग्राहक बंधुओं को सहर्ष सूचित एवं आग्रह किया जाता है कि हमारी **साधना नगर शाखा, इंदौर (शाखा कोड क्रमांक 30418) दिनांक 11.03.2024, सोमवार** से नवीन सर्व - सुविधायुक्त परिसर **624, कालानी नगर, एयरपोर्ट रोड, इन्दौर** पर स्थानांतरित हो रही है। शाखा के समस्त ग्राहक बंधुओं से अनुरोध है कि वे अपने समस्त बैंकिग व्यवहार शाखा के नये परिसर से यथावत जारी रखें। इस अवसर पर सभी सम्मानीय ग्राहकों का नवीन परिसर में स्वागत है।

**शाखा प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक**



**Bank of India** रिश्तों की जमापूंजी Relationship beyond banking

मिड कार्पोरेट शाखा : स्टार हाउस, प्लॉट 9-आरसी, स्कीम नं. 134, एम.आर.-10, स्टार चौराहे के पास, इन्दौर - 4520 010, फोन 2445122-117-147

**अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस {नियम 8(1)}**

(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (1) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार)

**बैंक ऑफ इंडिया** के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन)नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए (उधारकर्ता और बंधककर्ता), (1) श्री पुष्पेंद्र सिंह सोलंकी पता (अ): फ्लैट नंबर 301 प्लॉट नंबर 126, कृष्णा पैराडाइज ईस्ट विंग लिंबोदी, इंदौर म.प्र. 452012, पता (ब) फ्लैट नं. 504 पांचवीं मंजिल ब्लॉक-डी सत्यमित्र राज लक्ष्मी नेचर अपार्टमेंट, सत्यमित्र राज लक्ष्मी नेचर टाउनशिप, सर्वे नं. 537 पेकी, ग्राम रंगवासा, तहसील एवं जिला. इंदौर म.प्र. 453001, (जमानतदार/बंधककर्ता) (2) श्रीमती उपासना सोलंकी, पता: फ्लैट नं. 504 पांचवीं मंजिल ब्लॉक-डी, सत्यमित्र राज लक्ष्मी नेचर अपार्टमेंट, सत्यमित्र राज लक्ष्मी नेचर टाउनशिप, सर्वे नं. 537 पेकी, ग्राम रंगवासा तहसील एवं जिला-म.प्र. 453001 को **रूपए 17,40,759.80/- (शब्दो में रु. सतराह लाख चालीस हजार सात सौ उनसाठ अस्सी पैसा मात्र)** की राशि चुकाने के लिए दिनांक **06.10.2024** को यह डिमांड नोटिस जारी किया था कि वे उक्त नोटिस प्राप्ति से 60 दिनों के भीतर उक्त राशि का भुगतान करने की दिनांक तक ब्याज, आकस्मिक व्यय, खर्चे, प्रभार के साथ चुकता कर दें। चूंकि उधारकर्ता / जमानदार उक्त अवधि में आगामी ब्याज के साथ उक्त राशि अदा करनें में असफल रहें हैं, इसलिए उधारकर्ता / जमानदार को विशेष रूप से और आम जनता को सामान्य रूप से यह नोटिस दिया जाता है कि **बैंक ऑफ इंडिया** के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त धारा के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत अधिकारों का प्रयोग करते हुए नीचे बतायी गई संपत्ति का कब्जा दिनांक **29 फरवरी 2024** को ले लिया है।

एतद् द्वारा उधारकर्ता / जमानतदार को विशेष रुप से तथा सामान्य रुप से जनता को सूचित किया जाता है कि वे इस संपत्ति के साथ कोई संव्यवहार न करें और उक्त संपत्ति से संबंधित किया गया कोई भी संव्यवहार **बैंक ऑफ इंडिया,** इन्दौर के प्रभार राशि **रूपए 17,57,694.67/-** और ब्याज एवं अन्य खर्चो के अधीन होगा।

उधारकर्ताओं/जमानतदारों/बंधककर्ताओं का ध्यान धारा 13 की उपधारा 8 के तहत उपलब्ध समय में सुरक्षित संपत्तियों के मोचन के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**बंधक संपत्ति का विवरण :**

साम्यिक बंधक फ्लैट 504 पांचवीं मंजिल ब्लॉक-डी, सत्यमित्र राज लक्ष्मी नेचर अपार्टमेंट, सत्यमित्र राज लक्ष्मी नेचर टाउनशिप सर्वे नं. 537 पेकी (सर्वे क्रमांक 537/मिन-2), ग्राम रंगवासा तहसील एवं जिला-इंदौर म.प्र. 453001, **मालिक:** श्री पुष्पेन्द्र सोलंकी एवं श्रीमती उपासना सोलंकी, क्षेत्रफल 905 वर्ग फीट, **चतुर्सीमा: पूर्व :** भवन का एमओएस और फिर सड़क, **पश्चिम :** कॉरिडोर और फ्लैट नं. 513, **उत्तर :** फ्लैट नं. 503, **दक्षिण :** फ्लैट नं. 505

**स्थान :इन्दौर, दिनांक : 29.02.2024** प्राधिकृत अधिकारी- **बैंक ऑफ इंडिया**



**श्री चित्रा तिरुनाल आयुर्विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, त्रिवेंद्रम, केरल - 695011, भारत**
SREE CHITRA TIRUNAL INSTITUTE FOR MEDICAL SCIENCES AND TECHNOLOGY, TRIVANDRUM, KERALA - 695 011, INDIA
(एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार)
(An Institution of National Importance, Department of Science and Technology, Govt. of India)

सं. डीएए /एससीटीआईएमएसटी/1/प्रवेश (जुलाई 2024)/2024 दिनांक : 01.03.2024

**शैक्षणिक सत्र - जुलाई 2024 के लिए प्रवेश सूचना**

संस्थान के निम्नलिखित शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

1. भौतिक विज्ञान, रासायनिक विज्ञान, जैविक विज्ञान, बायोइंजीनियरिंग, जैव पदार्थ विज्ञान और प्रौद्योगिकी, चिकित्सा विज्ञान और स्वास्थ्य विज्ञान में पीएचडी (केवल यूजीसी/सीएसआईआर/आईसीएमआर/डीबीटी के जेआरएफ धारक या एससीटीआईएमएसटी द्वारा प्रस्तावित एमफिल डिग्री धारकों को आवेदन करने की आवश्यकता है)
2. अनुसूचित जनजाति समुदायों से संबंधित उम्मीदवारों के लिए पीएचडी (संस्थान अध्येतावृत्ति - 3 संख्या)
3. एकीकृत पीएचडी (एमडी-पीएचडी, डीएम/एमसीएच- पीएचडी)- केवल एससीटीआईएमएसटी के एमडी/डीएम/ एमसीएच निवासी आवेदन करने के पात्र हैं।
4. एमटेक बॉयोमेडिकल इंजीनियरिंग
5. मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (एमपीएच)
6. सार्वजनिक स्वास्थ्य में डिप्लोमा (डीपीएच)

ऑनलाइन आवेदन करें। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें (www.sctimst.ac.in)।
ऑनलाइन आवेदन दिनांक 01.03.2024 से दिनांक 31.03.2024 तक उपलब्ध रहेगा।
प्रवेश परीक्षा निम्नलिखित शहरों में ऑनलाइन (कंप्यूटर आधारित परीक्षा) आयोजित की जाएगी : तिरुवनंतपुरम, चेन्नई, मुंबई, दिल्ली और कोलकाता।
आरक्षण का पालन भारत सरकार की नीति के अनुसार किया जाएगा। आवेदन शुल्क केवल ऑनलाइन देय होगा।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: कुलसचिव, एससीटीआईएमएसटी
(ईमेल : regoffice@sctimst.ac.in), दूरभाष : 0471-2524269/289/649

हस्ताक्षर
निदेशक



फॉर्म II
(सार्वजनिक सूचना का प्रपत्र)

**पचोरा पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड**
दूसरी मंजिल, नोवस टॉवर
प्लॉट नंबर 18, सेक्टर-18 गुरुग्राम, हरियाणा-122015

**सूचना**
**(विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 15 की उप-धारा (2) के अंतर्गत)**

1. पचोरा पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड, जिसका पंजीकृत कार्यालय कोर-4, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, लोधी रोड, दिल्ली, दक्षिण दिल्ली, दिल्ली, भारत, 110003 में है, जिसे कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निगमित किया गया है, ने पारेषण लाइनों के संबंध में पारेषण लाइसेंस प्रदान करने के लिए विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 15 की उप-धारा (1) के तहत केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, नई दिल्ली के समक्ष एक आवेदन किया है। सब-स्टेशन और अन्य संपत्तियां, जिनका विवरण दिया गया है:

| क्र.सं. | लाइन का नाम/ उप-स्टेशन (सीन) | रेखा लंबाई/क्षमता | अनुमानित पूर्णता Cost या लेवलाइज्ड ट्रांसमिशन शुल्क4 (यदि आवेदक का चयन हो जाता है के अनुसार के लिए दिशानिर्देश प्रतिस्पर्धी बोली) | कमीशन अनुसूची | CTUIL द्वारा अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|---|
| **ट्रांसमिशन लाइन** | | | | | |
| 1. | पचोरा पीएस-उज्जैन (एमपीपीटीसीएल)400 केवी डी/सी लाइन (क्वाड एसीएसआर/ एएएसी/एएल5 9 मूस समकक्ष) | 60.461 किमी, 400kV डी/सी लाइन | लेवलाइज्ड ट्रांसमिशन शुल्क INR 419.74 मिलियन प्रति वर्ष है | | रु. 540 करोड़ (मूल्य स्तर, 2022) |
| **सब-स्टेशन** | | | | | |
| 2. | 400/220 केवी, 3X500 एमवीए आईसीटी वृद्धि (चौथा, 5वां और छठा) पचोरा थाना मध्य प्रदेश का जिला | **सब-स्टेशन** क) 400/220 केवी, 500 एमवीए आईसीटी बे-3 नग ख) 400 केवी आईसीटी बे -3 ग) 220 केवी आईसीटी बे -3 क) 400 केवी लाइन बे -2नग ई) 220 केवी लाइन बे -4 नग च) 400 केवी बस सेक्शनलिसर -1 सेट छ) 220 केवी बस सेक्शनलिज़र - 1 सेट ज) 220 केवी टीबीसी बे -1 नग i) 220 केवी बीसी बे -1 नग | प्रभावी तिथि से 24 महीने[1] | | |
| 3. | पचोरा-उज्जैन) के लिए उज्जैन(एमपीपीटीसीएल) में 400 केवी लाइन बें की कुल संख्या 400 केवी डी/सी लाइन | a) 400 केवी लाइन बे - 2 नग | | | |

आयोग द्वारा निर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार श्री विवेक प्रताप सिंह या आयोग के कार्यालय के साथ कंपनी के दूसरी मंजिल, नोवस टॉवर प्लॉट नंबर 18, सेक्टर -18 गुरुग्राम, हरियाणा -122015 में कंपनी के कार्यालय में भी आवेदन का निरीक्षण किया जा सकता है।

3. आपत्तियां या सुझाव, यदि कोई हों, नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर आवेदक या उसके अधिकृत एजेंट को आपत्ति/सुझाव (ओं) की एक प्रति के साथ सचिव, केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग, तीसरी और चौथी मंजिल, चंद्रलोक बिल्डिंग, 36, जनपथ, नई दिल्ली- 11000 के समक्ष दायर किए जाएं।

स्थान : गुरुग्राम
दिनांक: 23.02.2024

विवेक प्रताप सिंह
सहायक महाप्रबंधक

ट्रांसमिशन सेवा समझौते दिनांक 14.02.2024 के खंड 2.1 के अनुसार, प्रभावी तिथि शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर करने की तिथि अर्थात 13.02.2026 है।